**सामान्य निर्देश :**

1) यह प्रश्न–सह–उत्तर पुस्तिका है।
2) प्रश्न–सह–उत्तर पुस्तिका में ही प्रश्नों के उत्तर के लिए स्थान दिये गये है। उसी जगह उत्तर लिखिए।
3) इस प्रश्न–सह–उत्तर पुस्तिका में 'जोडकर लिखिए' सहित कुल 63 प्रश्न हैं। प्रश्नों को ठीक से पढ़िए।
4) लाल स्याही एवं पेन्सिल का प्रयोग न हो। ऐसा करने पर उन उत्तरों का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।
5) परीक्षार्थी को दिये गये विकल्प, रिक्त स्थानों की पूर्ति तथा जोडकर लिखिए जैसे उत्तरों को काटछाँट करना एवं चिह्न लगाना मना है। लिखावट के ऊपर अधिक ध्यान दीजिए।

---

**I. प्रत्येक प्रश्न के चार विकल्प सुझाए गये है। सही उत्तर चुनकर नीचे दिये गये जगह पर पूर्ण रूप से लिखिए :** **[15×1=15]**

1. जानवरों में इस जानवर को सबसे बुद्धिहीन मानते है—

(A) घोडा (B) गधा

(C) हाथी (D) गाय

2. सूरदासजी से लिखित महाकाव्य का नाम है —

(A) सूर सारावली (B) साहित्य लहरी

(C) श्री रामचरित मानस (D) सूर सागर

3. 'रामावतार' यह इस संधि का उदाहरण है —

(A) गुण संधि (B) दीर्घ संधि

(C) व्यंजन संधि (D) विसर्ग संधि

4. 'वसन' इस शब्द का पर्यायवाची शब्द है—

(A) वस्त्र (B) अन्न

(C) वास (D) निवास

5. 'मेरी जीवन गाथा' यह किनकी जीवन गाथा है ?

(A) महात्मा गाँधी (B) जवाहरलाल नेहरू

(C) महावीरप्रसाद द्विवेदी (D) अमृतलाल नागर

6. 'रोटी' शब्द का बहुवचन रूप है —

   (A) रोटे (B) रोटीयाँ

   (C) रोटी (D) रोटियाँ

7. रथीन बाबू की पत्नी का नाम था —

   (A) गुणवन्ती (B) कलावन्ती

   (C) यशवन्ती (D) कमला

8. गोपियों के प्रिय कृष्ण के हाथ में यह है—

   (A) तलवार (B) बाण

   (C) बाँसुरी (D) वीणा

9. 'निर्जीव' शब्द का विपरीतार्थ शब्द है —

   (A) सजीव (B) सहजीव

   (C) जीवित (D) जीव

10. 'गुरू ग्रन्थ साहिब' इनके धर्मग्रन्थ का नाम है —

    (A) हिन्दुओं के (B) पारसियों के

    (C) ईसाईयों के (D) सिखों के

11. 'विश्वराज्य' कविता का कवि है —

    (A) सियरामशरण गुप्त (B) जयशंकर प्रसाद

    (C) मैथिली शरण गुप्त (D) सूरदास

12. 'अध्यापक' इस शब्द का अन्य लिंग रूप है —

    (A) अध्यापिका (B) अध्यापकी

    (C) अध्यापीका (D) अध्यापकि

13. 'हारिल' के हाथ में यह था —

(A) अनाज (B) तिनका

(C) माँस (D) कीड़ा

14. आँगन का पंछी यह है—

(A) कौआ (B) गीध

(C) तोता (D) गौरैया

15. 'जहर' शब्द का विशेषण रूप है —

(A) जहरी (B) जहीरीली

(C) जहरीली (D) जहरिली

**II. खाली जगह को सूक्त शब्द से भरिए।** **[5×1=5]**

16. रोहतास दुर्ग यह ................................... राज्य में है।

17. 'चिदंबरा' काव्य संग्रह के लिए सुमित्रानन्दन पंतजी को ................................... प्राप्त हुआ है।

18. 3¾ को हिन्दी में ................................... कहते है।

19. सुख–दुःख तो मानव–जीवन में ................................... से आते है।

20. नदियाँ और समुद्र ................................... का घर बनते जा रहे है।

**III. 21. जोड़कर लिखिए :** **[5×1=5]**

| A | B | C |
|---|---|---|
| (a) सुमित्रानन्दन पंतजी | (i) सरस्वती | (a) ................................................ |
| (b) सूरदासजी | (ii) संज्ञा रूप | (b) ................................................ |
| (c) महावीर प्रसाद द्विवेदीजी | (iii) छायावाद | (c) ................................................ |
| (d) तुलसीदासजी | (iv) श्री कृष्ण भक्त | (d) ................................................ |
| (e) मिठास् | (v) तपस्या | (e) ................................................ |
| | (vi) श्री राम भक्त | |
| | (vii) मानवतावाद | |
| | (viii) विशेषण रूप | |

**IV. एक वाक्य में उत्तर लिखिए।** **[10×1=10]**

22. झूरी काछी के बैलों के नाम क्या है ?

23. छन्दों में किसे बाँधना संभव नहीं है ?

24. निन्दा का उद्‌गम कैसे होता है ?

25. आज की दुनिया कैसी है ?

26. 'अनमोल' शब्द का प्रयोग एक वाक्य में कीजिए।

27. चीनी सरकार गौरैये को क्या मानते थे ?

28. 'चतुर्मुख' किस समास का उदाहरण है ?

29. स्कूली जीवन में अमृतलाल नगरजी ने किनकी पुस्तके पढ़ी ?

30. राधा कृष्ण को किसके द्वारा संदेश भेजती है ?

31. प्रेमचन्दजी का असली नाम क्या था ?

**V. निम्न प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :** **[15×2=30]**

32. दोनों बैलों को पकड़कर कहा बँद कर दिया गया ? कितने दिन वहाँ रहे थे ?

33. रसखान कौन थे ? उनको यह नाम क्यों पड़ा ?

34. सैनिक से ममता ने क्या कहा ?

35. तिनका किस साधन का संकेत है ? किसके हाथ में है ?

36. द्विवेदीजी ज्यादा क्यों न पढ़ सके ?

37. राक्षसों ने हनुमानजी के पूँछ में आग कैसे लगा दी ?

38. कुवेंपुजी ने मैसूर विश्वविद्यालय में किन किन पदों पर कार्य किया ?

39. राधा पवन को क्या लाने को कहती है ? उसे वह क्या करती है ?

40. रोमन कैथोलिक और हिन्दुओं में क्या समानता है ?

41. पाखाने से लौटकर शरत बाबु ने क्या देखा ?

42. संज्ञा किसे कहते है ? दो उदाहरण दीजिए।

43. क्रिया विशेषण किसे कहते है ? दो उदाहरण दीजिए।

44. 'पर' शब्द का भिन्नार्थ लिखकर प्रत्येक दो वाक्यों में प्रयोग कीजिए।

45. निम्न लिखित पद्यांश को पूरा कीजिए:

धरती को ..........................................................................................

.................................................................................... भी बाँटे

एक अनल ......................................................................................

............................................................................ कितना विस्तार।

46. निम्न लिखित पद्यांश को पूरा कीजिए:

मैं रो-रो के ..................................................................................

...................................................................................... तू सुना दे।

**VI. निम्न प्रश्नों के प्रत्येक उत्तर चार पाँच वाक्यों में लिखिए:** **[10×3=30]**

47. गौरैया घर के आँगन में क्या-क्या करती है ।

48. कुवेंपु कौन-कौन से सम्मानों एवं पुरस्कारों से अलंकृत हुए थे ?

49. प्राचीन काल के हिन्दू-मुसलमान एकता के कुछ उदाहरण दीजिए।

इसकी संदर्भ सहित व्याख्या करो :

50. परम पिता की इच्छा के विरुद्ध इतना साहस।

पाठ का नाम : ..................................................................................

लेखक / कवि का नाम :..........................................................................

किसने कहा, किससे कहा : ....................................................................

व्याख्या : .........................................................................................

51. भेद तो रात्रि के अन्धकार में ही मिटता है, दिन के उजाले में भेद स्पष्ट हो जाते है।

पाठ का नाम : ..................................................................................................

लेखक का नाम :..................................................................................................

किसने कहा, किससे कहा : ..................................................................................

व्याख्या : ..........................................................................................................

52. तिनका तेरे हाथों में है

अमर एक रचना का साधन

तिनका तेरे पंजे में है

विधना के प्राणों का स्पंदन

कविता का नाम : ..................................................................................................

कवि का नाम : ..................................................................................................

व्याख्या : ..........................................................................................................

53. छन्द पहचानकर नाम लिखिए:

गुरू गोविन्द दोउ खड़े, काके लागू पाय

54. अलंकार पहचानकर नाम लिखिए :

को घटि, ये वृषभानुजा

अलंकार का नाम : ..........................................................................................

कारण : ..................................................................................................

विवरण :

**निम्न कवियों में से किन्हीं दो कवियों का परिचय दीजिए :**

(i) **अयोध्यासिंह उपाध्याय हरिऔध** (ii) **तुलसीदासजी** (iii) **बिहारी लाल**

55. ..........................................................................................

(a) **किस काल के कवि :** ..........................................................................

(b) **जन्मस्थान :** ..........................................................................

(c) **जन्म–मरण :** ..........................................................................

(d) **ग्रंथों के नाम :** ..........................................................................

..........................................................................................

(e) **उनके बारे में :** ..........................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

56. ..........................................................................................

(a) **किस काल के कवि :** ..........................................................................

(b) **जन्मस्थान :** ..........................................................................

(c) **जन्म–मरण :** ..........................................................................

(d) **ग्रंथों के नाम :** ..........................................................................

..........................................................................................

(e) **उनके बारे में :** ..........................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

**VII. इन प्रश्नों के प्रत्येक आठ-दस वाक्यों में उत्तर लिखिए :** **[5×4=20]**

निम्न लिखित पद्य का भावार्थ अपने वाक्यों में लिखिए :

57. ऊधौ मोहि ब्रज बिसरत नाहीं

बृन्दावन गोकुल, वन उपवन, सघन कुँज की छाही

प्रात समय माता जसुमति अरू नन्द देखि सुख पावत।।

कविता का नाम : ....................................................................................

कवि का नाम : ..........................................................................................

भावार्थ : ..................................................................................................

..................................................................................................................

..................................................................................................................

..................................................................................................................

..................................................................................................................

58. कितनी विपदाओं के झोंके आते और चले जाते हैं।

कितने ही सुख के मधु–सपने भी तो फिर आते जाते है।

कविता का नाम : ....................................................................................

कवि का नाम : ..........................................................................................

भावार्थ : ..................................................................................................

..................................................................................................................

..................................................................................................................

..................................................................................................................

..................................................................................................................

59. प्रवास जाने की अनुमति और धन भेजने की प्रार्थना करते हुए अपने बड़े भाई को एक पत्र लिखिए।

**अथवा**

तीन दिनों की छुट्टी माँगते हुए अपने कक्ष के अध्यापक को एक छुट्टी पत्र लिखिए।

60. मानव को पर्यावरण के प्रति सजग होकर क्या करना चाहिए ?

61. हमारी एकता का मूल मंत्र क्या है ?

**VIII. निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :** **[2×5=10]**

62. किसी एक विषय पर एक निबन्ध लिखिए:

(a) आतंकवाद

(b) पर्यावरण

(c) मेरे प्रिय नायक

63. निम्न लिखित पद्यांश पढ़कर, नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए:

कबीर का जन्म संवत् 1455 में काशी के एक ब्राह्मण परिवार में होने पर भी इनका लालन–पालन नीमा और नीरू नामक जुलाहा दंपति ने किया। ये रामानन्द के शिष्य थे। पढ़े लिखे नहीं होने पर भी वे संतों के सत्संग से बहु ज्ञानी बने थे। इन्होंने समाज के कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किया।

निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(a) कबीरदास का जन्म कहाँ हुआ ?

(b) उनका जन्म किस परिवार में हुआ ?

(c) उनका पालन पोषण किससे हुआ ?

(d) वे किसके शिष्य थे ?

(e) इन्होंने क्या प्रयास किया ?